हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 सांसद खेल महोत्सव 2025 में बच्चों ने किया उत्कृष्ट ...





14 साइबर जागरूकता, नशामुक्ति व यातायात ...




## खबर संक्षेप

### निहाल साहू ने नागपुर में जीता गोल्ड मेडल



**बालोद।** जिले के ब्रदर्स कॉम्बैट क्लब के खिलाड़ी निहाल साहू उम्र 15 वर्ष ने अपनी प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया है। निहाल ने हैड्स एमएमए द्वारा आयोजित जूनियर एमेच्योर एमएमए इवेंट में 45 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर बालोद का परचम लहराया। निहाल ने यह जीत अपने कोच आकाश यादव के मार्गदर्शन में हासिल की। उनका प्रशिक्षण ब्रदर्स कॉम्बैट क्लब, बालोद बजरंग अखाड़ा संग में हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर में किया गया था, जहाँ विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कोच आकाश यादव और क्लब के सदस्यों ने निहाल की सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जमीन विवाद पर गाली गलौज और मारपीट

**बालोद।** युवक के पक्ष में जमीन की वसीयत लिखने से नाराज महिला ने युवक व युवक की पत्नी के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्र0 21 शास्त्री नगर राजहरा निवासी धमेन्द्र गजभिए ने पुलिस को बताया कि मेरी दादी की बहन हिरजा बाई मेश्राम ने मुझे बचपन से पाला पोसा था उनका वार्ड क्र0 4 में जमीन था, जिसे मुझे वसियतनामा जीते जी की थी। हिरजा बाई के भाई गौतम उसकी पत्नी उमा मेश्राम जमीन के संबंध में आये दिन मेरे से लडाई झगडा कर मारने पिटने की धमकी देते है, कि 15 अक्टूबर के करीबन 11 बजे मेरे दुकान में आकर गौतम मेश्राम और उमा मेश्राम दोनो मुझे व मेरी पत्नी मंजू गजभिये को गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं प्लास्टीक पाईप से मारपीट किया है, दोनो ने मेरे बांए भुजा एवं पीठ एवं कमर मारपीट किये है जिससे मेरे बाएं भुजा एवं पीठ, कमर में चोट आकर दर्द हो रहा है एवं मेरे पत्नी के गाल, चेथी एवं पुट्ठा में चोट आकर दर्द हो रहा है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती कोहका निवासी शंभुनाथ मैटी के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने करीब 6 लाख रुपए का सामान पार कर दिया है।

# कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी से पूर्व पंजीयन कार्य प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज:बालोद

जिला प्रशासन द्वारा बालोद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत आज कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद विकासखण्ड के तरौद, पाररास एवं मालीघोरी सहकारी समितियों में पहुँचकर एग्रीस्टेक में कराए जा रहे किसान पंजीयन के कार्यों का अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सहकारी समितियों में स्वयं बैठकर एग्रीस्टेक पोर्टल में किए जा रहे किसानों के पंजीयन कार्य का निरीक्षण किया। इस

## एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसानों का पंजीयन अभियान शुरू



### निर्धारित अवधि पर पंजीयन पूरा करें

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित संबंधित हल्का पटवारियों एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को तलब कर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए कृषकों के पंजीयन के कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य को निर्धारित समयावधि तक शत प्रतिशत पूरा कराने तथा इसका समुचित प्रचार-प्रसार कराने के भी निर्देश दिए। इसके अंतर्गत कोटवारों को उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों के घरों में भेजकर उन्हें अनिवार्य रूप से सूचित कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों की पंजीयन नही होने की स्थिति में उसका स्पष्ट कारण भी दर्शाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने आज 15 से 17 अक्टूबर तक सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों की समुचित उपस्थिति सुनिश्चित कराकर उनके पंजीयन के कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए।

मौके पर उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों से बातचीत कर धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने हेतु अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की समझाईश दी। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु कोटवारों को उनके घरों में भेजकर अनिवार्य रूप से उन्हें इसकी जानकारी सूचित कराने के निर्देश भी दिए। जिससे कि जिले का कोई भी पात्र कृषक धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने से वंचित न रह सके। उल्लेखनीय है कि बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के शत प्रतिशत शेष पेज 12 पर

### बालोद पुलिस की साइबर अपराध के खिलाफ एक और बड़ी सफलता

# बीएसपी रिटायर्ड से 12 लाख की ऑनलाइन ठगी का मुख्य आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज डौंडीलोहारा

बालोद पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बीएसपी से सेवानिवृत्त एक बुजुर्ग से 12,13,860 की ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी विकास कुमार दास को झारखंड के देवघर जिले के मधुपुर से गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने इससे पहले तीन अन्य आरोपियों नीतीश कुमार दास, अरविंद कुमार दास और राकेश कुमार दास को बिहार के जमुई जिले से गिरफ्तार कर चुकी है।

बीएसपी से रिटायर्ड पीड़ित के बैंक खाते में जमा रिटायरमेंट की राशि को आरोपियों ने साइबर ठगी का शिकार बनाया। आरोपियों ने पीड़ित को व्हाट्सएप के माध्यम से पीएम किसान एप्लीकेशन की फर्जी एपीक फाइल भेजकर उनका मोबाइल हैक किया। हैकिंग के बाद, उन्होंने मोबाइल नंबर की सिम क्लोनिंग कर ई-सिम बनाया और ओटीपी



प्राप्त कर विभिन्न यूपीआई ऐप्स के माध्यम से 12,13,860 की रकम ट्रांसफर कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना डौंडीलोहारा में धारा 317(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन और एसपी बालोद योगेश कुमार पटेल के निर्देश पर, डौंडीलोहारा थाना और साइबर सेल की एक संयुक्त विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों और ई-सिम डिटेल्स की गहन जांच के बाद पहले बिहार से तीन आरोपियों को पकड़ा।

### रिमांड पर जेल दाखिल

मुख्य आरोपी विकास कुमार दास 23 वर्ष निवासी केसरगढ़ा, मधुपुर, देवघर, झारखंड का पता लगने पर टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसे मधुपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी विकास कुमार दास के खिलाफ देवघर साइबर थाने में पहले से ही साइबर अपराध का मामला दर्ज है। आरोपी के कब्जे से डिजिटल पेमेंट कार्ड, एटीएम कार्ड और मोबाइल फोन जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर बालोद लाकर पूछताछ के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बालोद पुलिस की यह कार्रवाई साइबर अपराधों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस की तकनीकी दक्षता और अंतर-राज्यीय समन्वय का प्रमाण है।

# निजी चिकित्सकों को एसडीएम के नोटिस, मची खबली

हरिभूमि न्यूज बालोद

करीब एक माह पहले जिले के एक युवक का निजी डॉक्टर के माध्यम से ईलाज के दौरान हुई मौत के बाद अब अनुविभागीय अधिकारी बालोद ने निजी चिकित्सकों को

- नोटिस का कारण पूछने एसडीएम कार्यालय पहुंचे प्राइवेट डॉक्टर
- युवक की इलाज के दौरान मौत पर एसडीएम हुए सख्त

नोटिस जारी किया है। इसके बाद कई निजी चिकित्सक एसडीएम कार्यालय बालोद पहुंच इस संबंध में जानकारी लेते दिखे।

नोटिस में विभिन्न नियमों व धाराओं कर उल्लेख करते हुए कहा गया है कि उन नियमों का पालन न कर अवैध रूप से संचालित अथवा बिना समक्ष योग्यता बिना डिग्री के अपात्र व्यक्तियों द्वारा संचालित निजी क्लीनिक, नर्सिंग होम, पैथालॉजी लैब, सक्षम योग्यता बिना डिग्री के अपात्र व्यक्तियों द्वारा



संचालित होने पर कार्यवाही के लिये वे स्वतः जिम्मेदार होंगे। इस नोटिस के बाद से ग्रामों में इलाज कर रहे निजी डाक्टरों में हड़कंप मचा है। आपको बता दे कि करीब एक माह पहले ग्राम कांदुल में 40 वर्षीय सुभाष कुमार का निजी चिकित्सक से ईलाज कराने के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा उक्त डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

इसके करीब एक माह बाद अनुविभागीय अधिकारी बालोद द्वारा सभी निजी चिकित्सकों को नोटिस जारी किया गया है। जिसके बाद बड़ी संख्या मे निजी चिकित्सक एसडीएम कार्यालय पहुंचे तथा इसके बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए अपना पक्ष रखा। नोटिस में इन डॉक्टर्स को समय रहते मेडिकल काउंसिल से अनुमति और चिकित्सा संबंधित डिग्रियों को पेश करने कहा गया है। ऐसे में जिनके पास कोई डिग्री नहीं है, लेकिन सालों से गांव में निजी प्रैक्टिशनर के रूप में काम कर रहे हैं वे परेशान हैं, हालांकि, अनुविभागीय अधिकारी ने उन्हें कुछ दिनों का समय दिया है कि सारे दस्तावेज शेष पेज 12 पर

# सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत ग्रामीणों और विद्यार्थियों को दिया जीवन रक्षक प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज बालोद

भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बालोद द्वारा राज्य मुख्यालय के आदेशानुसार 13 से 17 अक्टूबर 2025 के तक सी पी आ र जा ग रू क ता सप्ताह का आ यो ज न किया जा रहा है इसी तारतम्य में सीपीआर आज मंगलवार को ग्राम पंचायत देवारभाट में रेडक्रास सोसायटी बालोद के सदस्य डॉ. निधि राम, वाइस-चेयरमैन कमला वर्मा, कोषाध्यक्ष रूपनारायण देशमुख द्वारा उपस्थित जन प्रतिनियों एवं स्कूली बच्चों को सीपीआर की जानकारी दी गई।

- सत्र में 30 लोगों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया

राज्य चेयरमेन तोमन साहू के मार्गदर्शन में एवं जिला चेयरमैन डॉ प्रदीप जैन के नेतृत्व में इस जागरूकता सप्ताह को चलाया जा रहा है। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में 30 लोगों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सदस्य डॉ निधिराम ने सीपीआर देने के तरीकों को विस्तार पूर्वक बताया कि जब कोई होश में नहीं है और श्वास नहीं चल रही है तब हम सभी को एल एल एफ के माध्यम से श्वास का परीक्षण करना है और लगता है कि श्वास नहीं चल रही है तो बिना समय गंवाए सीपीआर देना है, सीपीआर एक मिनट में 100से 120 बार देना चाहिए। यह छोटी सी विधि किसी की जान बचा सकती है,यदि समय पर यह जीवन संजीवनी दिया गया तो। सीपीआर का प्रदर्शन सेन्ट जान एम्बुलेंस द्वारा प्रशिक्षित एम सीबीएस डॉ निधि राम द्वारा सीपीआर देने के तरीके को प्रदर्शन करते हुए बताया गया। राज्य शासन द्वारा हार्ट अटैक व कार्डिएक अरेस्ट में लगातार हो रही वृद्धि से जीवन बचाने के लिए रेडक्रास के माध्यम से लोगों को सीपीआर प्रशिक्षण बताया जा रहा है, इस प्रशिक्षण में केवल सीपीआर कैसे देना है पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

सरपंच लता कोर्राम ने भी इस प्रशिक्षण की तारीफ करते हुए रेडक्रास के इस कार्य की सराहना की, और प्रशिक्षाथएँ को सम्बोधित करते हुए जीवन संजीवनी को टीवी या मोबाइल में देखते हैं बताया, द्वितीय पाली में सेजेश झलमला के शाला प्रबंधन शेष पेज 12 पर

### सम्मेलन में प्रदेशभर के 1500 ग्राम्य वाद्यों ने कराया पंजीयन

# राज्य स्तरीय पारंपरिक वैद्य महासम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज बालोद

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडीटोरियम में आदिवासी स्वास्थ्य परम्परा वनौषधि पादप बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पारंपरिक वैद्य महासम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेशभर से करीब 1500 ग्राम्य वाद्यों ने शामिल होकर पंजीयन कराया। इस आयोजन में बालोद जिले से वैद्य भी नाड़ी वैद्य पुरुषोत्तम सिंह राजपुत के नेतृत्व में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय थे। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री श्रीराम विचार नेता, अतिविशिष्ट अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप, विशेष अतिथि अध्यक्षता आदिवासी स्वास्थ्य परम्परा वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष रायपुर विकास मरकाम रहे। अतिथि श्रृंखला में विशेष अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार पात्र कुलपति पं. दीनदयाल उपाध्याय, आयुष विश्व विद्यालय रायपुर एवं पद्म हेमचंद मांझी रहे। कार्यक्रम में वैद्यों के समस्याओं और उसके निराकरण, वनौषधियों का उपयोग, पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा का विकास, वैद्यों को छत्तीसगढ़



सरकार द्वारा कार्यशाला आयोजन कर प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान करने घोषणा की।

पादप बोर्ड अध्यक्ष मरकाम ने वैद्यों के एकत्रीकरण, संगठन और पंजीयन के वैद्यों को मिलने वाली सुविधाओं को अवगत कराया। इस अवसर पर चयनित 17 जिलों के वैद्यों को जड़ी बूटी को कुटने पीसने में होने वाली परेशानी से मुक्त करने के लिए कुटनि मशीन मुख्यमंत्री के हाथो प्रदान की गई। बालोद जिले के वैद्यों का प्रतिनिधित्व करते प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य पंचगव्य कैंसर विशेषज्ञ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने प्राप्त किया। गौरतलब है कि इसके पहले भी वनौषधि पादप बोर्ड द्वारा वन मड़ई 2017 में छत्तीसगढ़ शासन ने राजपूत को पारंपरिक हर्बल चिकित्सक सम्मान भी प्रदान किया था। यह दूसरी बार है जब वैद्यकीय कार्य में प्रदेश के मुख्य ने राजपूत कॉस्मनित किया है।

इस राज्य स्तरीय वैद्य महासम्मेलन में पारंपरिक आयुर्वेद के प्रखर वक्ता राजपूत जी आयुर्वेद की महिमा और आवश्यकता के साथ मानव जीवन की रक्षा आयुर्वेद और गोमाता से प्राप्त पंचगवों से चिकित्सा पर विस्तृत विचार रखे और राज्य स्तरीय वैद्य महासम्मेलन में बालोद जिले को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर गौसेवा आयोग के जिला अध्यक्ष योगेश्वर यादव, विनोद साहू, छगन यादव, मुकेश आरदा, पंचगव्य डॉ एसोसियेशन छत्तीसगढ़, आजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड के रमेश कुमार रावते, नमी साहू, पुष्कर सिंह राजपूत सहित योग वेदांत सेवा समिति, गोपाल गौ रक्षा अनुसंधान गोशाला डौंडी ने शुभकामनाएं प्रदान की।







## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला फरार मास्टर माइंड को पुलिस ने कांकेर से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि चिरचार थाना अर्जुन्दा जिला बालोद निवासी संतराम देशमुख की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भेषराम देशमुख, रविकांत देशमुख,अरूण मेश्राम को गिरफ्तार किया है। इसका मास्टर माइंड आरोपी ग्राम परसदा थाना अभनपुर जिला रायपुर निवासी अरूण मेश्राम फरार था जिसे पुलिस ने कांकेर से गिरफ्तार किया है। जहां पुलिस से छिपकर किराए का मकान लेकर निवास कर रहा था। आरोपी अरुण से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 20-25 लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर रुपए लिए थे। ठगी से मिले 40-45 लाख रूपये को तीनों आरोपियों ने आपस में बांट लिया। उक्त रकम में से कांकेर में एक प्लाट का सौदा कर तीन साल तक खर्चा करना स्वीकार किया। आरोपी अरूण मेश्राम से प्लाट खरीदी एग्रीमेंट व नगदी 4 हजार रूपये को जब्त किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी अंजोरा उनि खेलन सिंह साहू, राकेश सिंह समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### स्कूल मैदान में लगेगा अस्थायी पटाका बाजार

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा दीपावली पर्व के मद्देनज़र फटाका विक्रय की अनुमति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत फटाका दुकानों के लिए अस्थायी स्टॉल लगाने की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन हेतु निगम ने नियम एवं शर्तें तय की हैं।

# टीचर्स एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद द्वारा एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर शिक्षक एलबी संवर्ग की विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर व डीईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव व संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि शिक्षकों के लंबित मांगों के लिए एसोसिएशन 12 से 18 अक्टूबर तक मंत्रियों, विधायकों व अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर विशेष मुहिम चला रहा है। ज्ञापन में एसोसिएशन ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को अनिवार्य किया गया है, इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी अनिवार्य नहीं थी, अतः सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप, पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवश्यक पहल किया जाये। साथ ही पेंशन निर्धारण हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एलबी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, अतः पूर्व सेवा प्रथम नियुक्ति अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित किया जाए।



### 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन की मांग

भारत सरकार, उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड सरकार के समान 20 वर्ष की अहंकारी सेवा में पूर्ण पेंशन अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत का प्रावधान किया जावे एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में डबल बेंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान का जनरल आदेश जारी करने ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, जिला उपाध्यक्ष शिव शांडिल्य, वीरेंद्र देवांगन, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, जिला महामंत्री लेखराम साहू, संगठन सचिव जगत राम साहू, महासचिव रवींद्र नाथ योगी, जिला आई टी सेल प्रभारी शिवेंद्र बहादुर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष गुरुर सूरज गोपाल गंगबेर, ब्लॉक अध्यक्ष डौंडी लोहारा अविनाश साहू, संगठन सचिव धीराज सिंह कस्तुरे शामिल थे।

## आयोजन

# रजत जयंती पर मनरेगा आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**13 से 26 अक्टूबर तक 77 ग्राम पंचायतों में चल रहा रजत जयंती उत्सव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ सरकार ने रजत जयंती वर्ष (2025–26) के तहत कई विभागों से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनमें रोजगार दिवस, मोर गांव, मोर पानी महाअभियान, पौंधारोपण, प्रभात फेरी और किसान मेले भी शामिल हैं, जो सीधे मनरेगा के लाभार्थियों से जुड़े हैं।

- 'मोर गांव, मोर पानी' अभियान के साथ पौधारोपण, संगोष्ठी और प्रभात फेरी का आयोजन

इसका मतलब है कि मनरेगा के तहत होने वाली गतिविधियों को रजत जयंती समारोह के व्यापक दायरे में शामिल किया गया है, रजत जयंती वर्ष के दौरान शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, संस्कृति, युवा और जनकल्याण जैसे क्षेत्रें में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें मनरेगा जैसे कार्यक्रम शामिल हैं ताकि लाभार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके और उन्हें राज्य के विकास में भागीदार बनाया जा सके।




कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी जिला पंचायत बालोद के मार्गदर्शन में विकासखंड गुरूर के सभी 77 ग्राम पंचायत में रजत जयंती समारोह 13 अक्टुबर से 26 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है, जिसमें ग्राम पंचायत में अलग–अलग दिन नये–नये गतिविधियो के माध्यम से शासन की योजनाओ से ग्रामीण जनता को जोडना है। ताकि ग्राम विकास में ग्रामीण सहभागिता वृद्धि हो सके। 13 अक्टुबर से 26 अक्टूबर तक ग्राम पंचायतो में आयोजित गतिविधियॉ मोर गांव मोर पानी महाभियान संगोष्टि, मोर गांव मोर पानी महाभियान पर प्रभातफेरी, पौंधारोपण कार्य ''एक पेड़ माँ के नाम'', महात्मा गांधी नरेगा एवं अन्य योजनाओं को अभिसरण परंपरागत जल स्त्रेतों की साफ सफाई, अमृत सरोवर से जल संर्वधन एवं आजीविका संर्वधन, रोजगार दिवस का महत्व एवं योजना की जागरूकता पर परिचर्चा, महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत गुड गवर्नेन्स के महत्व पर कार्यशाला, जॉब कार्ड संधारण, अभिरक्षा तथा सत्यापन विषय पर जागरूकता,, महात्मा गांधी नरेगा से आजीविका संर्वधन एवं जागरूकता, संगम अभियान एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महात्मा गांधी नरेगा के नवीन निर्देशों की जानकारी एवं जलवायु परिवर्तन पर प्रभाव के संबंध में चर्चा के साथ नवाचार एवं सामाजिक अंकेक्षण का महत्व एवं उपयोगिता मुख्य बिन्दु है।

# पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में द्वितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में आए हुए अभिभावकों के द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र ने सभी पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि वही छात्र जीवन में सफल होता है, जो लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करते है। शिक्षकों द्वारा बच्चों को पढाए गए विषयों एवं अन्य गतिविधियों के बारे में बच्चों से जानकारी लेने के लिए प्रेरित किया गया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राजेश यादव ने कहा कि सभी बच्चों के माता-पिता बच्चों को घर में आवश्यक रूप से यह पूछे कि आज स्कूल में क्या सीखा। इस अवसर पर शिक्षक नीलकंठ धनकर द्वारा शासन के एजेंडे के अनुसार निर्धारित 12 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष लीला धर भुआर्य, सदस्य रोहित साहू, मनहरण लाल पटेल, लोमन सिंह, पंचायत प्रतिनिधि हेमलाल चिराम, प्रधान पाठक श्री रमन लाल धनेन्द्र, राजेश यादव, शिक्षक नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख, व सहायक शिक्षिका हितेश्वरी साहू,व धनेश्वरी यादव सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### कलेक्टर मिश्रा ने धान ...

कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु आज 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक जिले के सभी सहकारी समितियों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए है। सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ है ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है किंतु उनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी किया जाएगा। कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु किसान संबंधित सहकारी समितियों के अलावा ग्राहक सेवा केन्द्रों में पहुँचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है वे आज 15 से 17 अक्टूबर तक सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर अपना व्यक्तिगत जानकारी अद्यतन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों कार्यों के लिए किसानों को अपना किसान किताब, आधार कार्ड एवं मोबाईल के साथ निर्धारित स्थानों में उपस्थित होना अनिवार्य है।

### सीपीआर जागरूकता ...

समिति, व्याख्याता, एवं बच्चों को प्रशिक्षण चन्द्रशेखर पवार द्वारा दिया गया, जिसमें सहयोगी कमला वर्मा व रूपनारायण जी थे। इस अवसर पर देवारभाट के उपसरपंच, सचिव, पंच, व ग्रामीण उपस्थित थे, द्वितीय पाली में ग्राम पंचायत झलमला के पूर्व सरपंच एवं रेडक्रास सदस्य पालक सिंग ठाकुर, थान सिंह ठाकुर, आदित्य दुबे, आजीवन सदस्य बीआर साहु, ग्रामीण व व्याख्याता की उपस्थिति रही। अंत में आभार प्रदर्शन जिला रेडक्रास की वाइस चेयरमैन कमला वर्मा ने किया।

### निजी चिकित्सकों ...

पेश करें। साथ ही मेडिकल काउंसिल से रजिस्टर कराने कहा जा रहा है। निजी चिकित्सकों ने कहा हम सब सैकड़ों निजी चिकित्सकों को नोटिस दिया गया है और यह पूछा गया है कि आप किस आधार पर चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, हमने बताया है कि, हम लंबे समय से चिकित्सा कार्य कर रहे हैं और गांव में हम अपनी सेवाएं देते हैं, अगर इस तरह हमारा काम छिन गया तो हम सब बेरोजगार हो जाएंगे।

# सांसद खेल महोत्सव में छात्र छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत नवागांव में सांसद खेल महोत्सव 2025 प्राथमिक शाला नवागांव में संपन्न हुआ। महोत्सव के अतिथि सरपंच कविता साहू, उपसरपंच छगनलाल साहू, बूथ अध्यक्ष भाजपा नवागांव अभिषेक सेन, पंच लेखराम साहू मंचसीन थे। सांसद खेल महोत्सव में फुगड़ी मे प्रथम मुस्कान गेड़ी मे प्रथम सूर्या दौड़ मे प्रथम तामेश्वर, कुसएँ दौड़ प्रथम ऋतू साहू ने प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किए। भाजपा युवा नेता अभिषेक सेन ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव 2025 खेल प्रतिभाओं को मंच देकर प्रतिभाओं को पहचान दिलाकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है गांव में खेल संस्कृति को विकसित करने और युवाओं में अनुशासन टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार करने में सांसद खेल स्वर्णिम अवसर है। इस अवसर पर सरपंच कविता साहू, उपसरपंच छगनलाल साहू, बूथ अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी अभिषेक सेन, पंच लेखराम साहू, मोनिषा साहू, मंडल शिक्षक रविशकुमार, संकुल समन्वक बेल्हारी चंद्रशेखर देवांगन, रोजगार सहायक नवागांव भीषमकुमार साहू, चुम्मनलाल साहू, पंकज यादव, उदय साहू, दिलीप नेताम, देवराज साहू, ऋषभ, सुभाष साहू,उमेश साहू सहित समस्त स्कूली बच्चों उपस्थित थे।

# अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ने पीएमश्री स्कूल में न्योता भोज कराया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

गुण्डरदेही अनुविभागीय अधिकरी प्रतिमा ठाकरे झा ने अपने बेटे आर्यमन झा के जन्मदिन पर पीएम श्री प्राथमिक शाला गुण्डरदेही में न्यौता भोज का आयोजन किया। जहां पढ़ने वाले 75 बच्चों के साथ ही अधिकारी कर्मचारियों ने भी न्यौता भोज में हिस्सा लिया और बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। उक्त आयोजन में जिला पंचायत बालोद के अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चन्द्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, एसडीओपी राजेश बागड़े सहित गुण्डरदेही तहसील मुख्यालय सहित एसडीएम और तहसील कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।इस दौरान एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा ने कहा कि हर बच्चे एक समान हैं। न्यौता भोज कराने की सरकार की योजना सराहनीय है। बच्चे भगवान का रूप होते हैं और जब बच्चे को साथ बैठकर भोजन करते हैं तो बच्चों के साथ माता पिता को भी खुशी मिलती है। इस तरह के आयोजन से बच्चों में समानता का भाव आता है और संस्कार उत्पन्न होता है। यह भारतीय संस्कृति की परम्परा है कि एक साथ सभी को एक समान मानकर भोजन करते हैं।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# निर्माणाधीन मकान से वायर चोरी, कबाड़ी समेत पांच गिरफ्तार

**भिलाई।** दो टन एल्युमिनियम वायर चोरी मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एएसपी अभिषके झा ने बताया कि थाना नंदिनी और धमधा थाना क्षेत्र की है। निर्माणाधीन मकान से वायर को आरोपियों ने चोरी की थी। पुलिस ने पहले संदेह के आधार पर शारदा पारा छावनी निवासी निलेश कुमार,राजकुमार नगपुरे, श्याम नगर छावनी विजय चंद्राकर, नयापारा दुर्ग विनोद गुप्ता,कचांदुर जेवरा सिरसा चिम्लेश्वरी मांडले को पकड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर की रात धमधा थाना क्षेत्र के संजय डोगरे के निमार्णाधीन मकान से 192 नग सेंट्रिंग सेट चोरी करना स्वीकार किया।



**खबर संक्षेप**



## स्वास्थ्य शिविर में 56 हितग्राही लाभान्वित हुए

**अंडा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी निकुम के आदेशानुसार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर अण्डा में आयोजित किया गया जिसमें 56 हितग्राही लाभान्वित हुए। शिविर में फाइलेरिया एवं कुष्ठ के मरीजों को घरेलू रुग्णता प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई एवं कीट वितरण किया गया। शिविर में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र कुमार वर्मा, जी आर भूआर्य खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, डॉ मनीष वास्निक फिजियोथेरेपिस्ट, ललिता वर्मा महिला सुपरवाइजर, उषा देशमुख महिला सुपरवाइजर, सुनील गुप्ता एन एम ए, जाकिर खान सब्जई एन एम ए, तुलसी राम यादव सेक्टर सुपरवाइजर, भारती भारती आर एच ओ, मीनाक्षी सिन्हा सी एच ओ एवं समस्त मितानिनो का पूर्ण सहयोग रहा।

## रासेयो ने ग्रामीणों को बताया स्वच्छता का महत्व

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कैंप का आयोजन ग्राम निपानी में किया गया। इसके अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के तालाबों एवं नालियों की सफाई की गई। इस कैंप में ग्राम सरपंच के साथ–साथ ग्रामवासियों का भी पूरा सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने भी अपनी सहभागिता निभाई। यह कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू के मार्गदर्शन में सपन्न हुआ।

## गोल मार्केट के पास रोड पर कब्जा, नोटिस

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 2 वैशाली नगर अंतर्गत रोड चौड़ीकरण, अवैध कब्ज़ा सहित निर्माणाधीन रोड का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त येशा लहरे ने रानी अवंति बाई चौक में रोड चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है, जिसका स्थल निरीक्षण किया गया।

### विद्यार्थियों को नशे के खतरे और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की दी सीख

# साइबर जागरूकता, नशामुक्ति व यातायात नियमों पर छात्र-छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

साइबर जागरूकता, नशामुक्ति अभियान, एवं यातायात नियमों का पालन करने जगन्नाथपुर सांकरा हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र–छात्रओं को जागरूक किया गया।

- साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए सुरक्षित इंटरनेट और पासवर्ड सुरक्षा की दी जानकारी

पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देशन में जिले में सतत जनजागरूकता अभियान जारी है। ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया संबंधित अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाकर एवं टोलफ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया।जिले में निरंतर साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय जगन्नाथपुर सांकरा में जागरूकता कार्यक्रम में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर द्वारा साइबर जागरूकता के तहत विद्यालय के छात्र–छात्रओं, शिक्षकों और उपस्थित गणमान्य नागरिकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी की वंदना और राज्यगीत गाकर किया गया। नशामुक्ति विषय पर की विस्तृत जानकारी साझा की गई, जिसमें छात्रें को यह समझाया गया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। पारिवारिक जीवन में





कलेश उत्पन्न करता है, अपराध एवं सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है, विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, बेहतर जीवनशैली अपनाने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। साथ ही छात्रें को नशे के विरुद्ध संकल्प भी दिलवाया गया। डिजिटल युग में सुरक्षित रहने की सीख देते हुए लालच एवं डर से किसी को भी पैसे ट्रांसफर न करने की जागरूकता ही साइबर ठगी से बचाव का मुख्य हथियार बताया गया। शिक्षकगण एवं छात्रें को साइबर अपराधों से बचाव हेतु विद्यार्थियों को बताया गया कि मोबाइल का लत एवं गलत उपयोग कैसे विद्यार्थी जीवन को प्रभावित करता है, सोशल मीडिया अपराध, ऑनलाइन गेमिंग, अनजान लिंक और ओटीपी शेयरिंग से जुड़े साइबर फ्रॉड बारे में बताया गया। एपीके फाइल डाउनलोड नहीं करने के बारे में बताया गया। मोबाइल का उपयोग पढ़ाई एवं कौशल विकास हेतु नियंत्रित समय सीमा में करने सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग, मजबूत पासवर्ड और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के टिप्स दिए गए। आज के दौर में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए गूगल में सर्च करने के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, अनजान लिंक में क्लिक करने से बचने के लिए गूगल मे सर्च करने के दौरान सावधानी बरतनी एवं ऑथेंटिक साइट में ही जानकारी शेयर करने के संबंध में बताया गया। अनजान व्यक्तियों को किराए पर मकान उपलब्ध नहीं कराने किराएदार की जानकारी अनिवार्य रूप से थाने में जमा करने के संबंध में बताया गया। छात्रें को यह भी जानकारी दी गई कि साइबर अपराध होने की स्थिति में वे 1930 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों एवं टीचर्स को यातायात के नियमों से अवगत कराकर कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने, सिग्नल रूल्स फॉलो करने, प्रॉपर सीटबेल्ट एवं हेलमेट लगाने व अन्य ट्रैफिक रूल्स बताया जाकर जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी जिले के अन्य विद्यालयों एवं अन्य स्थानों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित होते रहेंगे ताकि साइबर सुरक्षित, नशामुक्त और कानून–सचेत समाज का निर्माण हो सके। विद्यालय परिवार एवं समस्त विद्यार्थियों की ओर से बालोद पुलिस को आभार व्यक्त किया गया और ऐसी पहल को निरंतर जारी रखने की अपेक्षा जताई गई। उक्त जागरूकता कार्यक्रम के दौरान शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सांकरा के प्राचार्य एमएल.गौतम एवं समस्त शिक्षकगण, शाला विकास प्रबंधक समिति के अध्यक्ष भूपत प्रकाश बघेल एवं समस्त सदस्यगण, ग्राम सरपंच लता चुरेंद्र, ग्राम पटेल योगेंद्र देशमुख, थाना बालोद से आरक्षक मनोज चंद्रा, साइबर सेल बालोद से आरक्षक रविकांत गंधर्व उपस्थित थे।

## टटेंगा स्कूल की दो छात्राओं का राज्य स्तरीय खेलकूद में चयन



**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के 2 छात्राओं ने राज्य स्तरीय खेलकूद में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रायगढ़ में आयोजित खेल प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की छात्रा झमिता ने अंडर-19 क्रिकेट में बॉलर के रूप में दुर्ग संभाग की ओर से सहभागिता प्रदान करते हुए उन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर एक मैन ऑफ द मैच प्राप्त किया। कक्षा 10वीं की छात्रा सोनम ने बस्तर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ तथा लंबीकूद में भाग लेते हुए रेस में 4था स्थान प्राप्त करते हुए अपना तथा अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य आरके देवांगन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पीटीआई रीना बोरकर के समर्पण की तारीफ करते हुए कहा कि मैडम के उचित प्रशिक्षण के कारण ही विद्यार्थी उत्तम प्रदर्शन कर पा रहे हैं। व्याख्याता पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, अजय पाठक ने भी शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## गौ विज्ञान चमत्कार है' विषय पर व्याख्यान का आयोजन



**गुरूर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरी कला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गौ संरक्षण एवं संवर्धन हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता के रूप में व्यवस्थापक सचिव गौ सेवा केंद्र चूल्हापथरा गुरूर ओम प्रकाश टुवानीं एवं व्याख्यान का विषय रहा गौ विज्ञान चमत्कार हैं। इस व्याख्यान का आयोजन मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमारी कला के सेमिनार कक्ष में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के लगभग 80 विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे एवं इस व्याख्यान के माध्यम से गाय के महत्व को समझा और गौ संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रेरित हुए।

## विधायक सिन्हा ने योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित



**गुरूर।** संजारी बालोद क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ने राज्य स्तर में योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली बासीन स्कूल की छात्र दीक्षा निषाद व दीपिका को प्रोत्साहन स्वरूप 5000 रु. की चेक प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# पीएम आवास किस्त के लिए भटक रही हितग्राही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा की गरीबी रेखा में जीवनयापन करने वाली महिला हितग्राही रुक्मणी नेताम प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किश्त की राशि नहीं मिलने से समस्या में हैं। वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवास के लिए उन्होंने अपना कच्चा मकान तोड़ दिया और किराए के मकान में रह रही हैं, लेकिन मकान मालिक द्वारा अब मकान खाली करने को कहा जा रहा है। रुक्मणी नेताम के भारतीय स्टेट बैंक दल्लीराजहरा के जन धन खाते में इस वर्ष 9 अप्रैल को प्रथम किश्त के रूप में 40 हजार जमा हुए थे।

उन्होंने प्रथम किश्त और उधार लेकर मकान का निर्माण छज्जा लेवल तक पूरा करा लिया है। दूसरी किश्त की राशि 55 हजार जनपद पंचायत डोंडी द्वारा 23 जुलाई, 7 अगस्त और 10 सितम्बर को एफटीओ की गई, लेकिन तीनों बार निरस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, उनके जन धन खाते में 50 हजार से अधिक की राशि हस्तांतरित न होने के कारण राशि खाते में जमा नहीं हो पाई। निर्माण सामग्री (बिल्डिंग मटेरियल) देने वाले भुगतान के लिए रोज़ चक्कर लगा रहे हैं और दिवाली के समय मकान खाली करने की समस्या से महिला परेशान है। उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में डेरा डालने की बात कही है। इस संबंध में जनपद पंचायत डोंडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी. मंडले से संपर्क करने का प्रयास विफल रहा, उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। रुक्मणी नेताम ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द दूसरी किश्त की राशि दिलाने और इस समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है।

## खपरी सिलोदा में हुआ सांसद खेल महोत्सव



**अंडा।** सांसद खेल महोत्सव ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा में हुआ। इसमें कबड्डी पूर्व माध्यमिक शाला खपरी यमन यादव, शेष कुमार, डिलेश साहू, महेश साहू, जागेश साहू, प्रकाश साहू, मयंक निषाद, अनुराग मांडवी जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ पेमेंद्र यादव प्रथम स्थान हासिल किया।इसी प्रकार शुभम यादव द्वितीय, सुरीली खुर्सी, जानकी साहू प्रथम, कुमारी काव्या साहू द्वितीय, फुगड़ी जूनियर वर्ग कुमारी काव्या साहू प्रथम, कुमारी मधु साहू द्वितीय, पूर्व माध्यमिक शाला जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ निखिल प्रथम हिमांशु द्वितीय, सुरीली कुर्सी तामेश्वरी प्रथम, भूमिका द्वितीय, 100 मीटर दौड़ प्राथमिक शाला राधिका प्रथम, कामिनी द्वितीय, कबड्डी प्राथमिक शाला हिमांशु साहू, पुष्पेंद्र, नितेश, डागेश, तरुण दास, निखिल कुमार, कुणाल साहू, उपेन्द्र कबड्डी सीनियर वर्ग इंदल निषाद, केवल ठाकुर, अरुण कुमार साहू, अभिषेक यादव, संदीप कुमार यादव, आकाश कुमार निषाद, आयुष कुमार यादव, पवन कुमार निषाद, जीवन निषाद कुश्ती पुरुष वर्ग सत्येंद्र निषाद, अभिषेक निषाद महिला वर्ग कुमारी सुरभी इत्यादि खिलाड़ियों ने सांसद खेल महोत्सव में भाग लिया। इसमें ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के सरपंच अनूसूईया नारायण साहू एवं ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के सभी पंचगन उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने कलेक्टर से गिनाई नगर की समस्याएं



**बालोद।** नेता प्रतिपक्ष कल्लू भैया के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने कलेक्टर से भेंट की एवं नगर में व्याप्त समस्याओं पेयजल समस्या, प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी गति, मार्ग विभाजक निर्माण में लापरवाही एवं लेटलतीफी एवं नगर में चरमरा चुकी सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में चर्चा की। कलेक्टर ने तत्काल संबन्धित व्यक्तियों से चर्चा कर निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि धीरज उपाध्याय, उप नेता प्रतिपक्ष सुनील मालेकर, पार्षद निर्देश पटेल, रीता सोनी, किरण चंद्रहास साहू एवं आदित्य दुबे उपस्थित थे।

# संभाग स्तरीय संगोष्ठी में चेष्टा दूसरे स्थान पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

संजयनगर स्थित बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 9वीं की छात्रा चेष्टा डोंगरे ने दुर्ग में स्थित जेआरडी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित संभाग स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया है। जानकारी प्रदान करते हुए मार्गदर्शक शिक्षक हेमंत साहू ने बताया कि छात्रा शुरू से ही मेधावी रही है, उनकी विषय वस्तु पर पकड़, बेबाक वाक कौशल के कारण ही यह स्थान प्राप्त किया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के मार्गदर्शक शिक्षक कपिल कुमार ने बताया कि विषय वस्तु बच्चे के समझ को और विकसित करता है। क्वांटम बहुत ही आधुनिक विषय है, जिसका ज्ञान हम सबको इसके पहले कम था, जो कि इस बच्ची की लगन व मेहनत से आज उसने ये मुकाम हासिल किया है। संभाग स्तर पर प्रभारी शिक्षक प्रदीप कुमार मेश्राम व्याख्याता ने बताया कि चेष्टा ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपने विषय वस्तु क्वांटम युग का आगाज, संभावनाएं और चुनौतियां को बहुत ही सरल व सहज तरीके से पहुंचाया, जिसके कारण उसने अपना स्थान राज्य के लिए सुरक्षित किया।

उनकी इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लिलेंद्र सिन्हा व समस्त सदस्य, प्रभारी प्राचार्य एल के ठाकुर, पालकगण गौतम डोंगरे, कमलेश्वरी डोंगरे, आरएस देशमुख, डीआर साहू, पुष्पा कटेंद्र, संगीता वैदे, व्हीके भंडारी, छाया नंदा, डुप्ले साहू, अविनाश साहू, तेजेश्वरी साहू, लवण साहू, एनुका शार्वा, हेमपुष्पा नाईक, राकेश कोठारी, बीरेंद्र नायक, सौरभ शर्मा, सूर्योदय मानिकपुरी सहित समस्त शिक्षकगण व छात्र छात्राओं ने उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# ग्राम मोहारा में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य जागरूकता पर दिया गया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति ग्राम मोहारा में बैठक संपन्न हुआ। इस दौरान जामुन देवांगन एमटी के द्वारा मलेरिया, बुखार से बचने उल्टी, दस्त, पेयजल, स्वच्छता और सफाई और कुपोषित बच्चों पर विशेष रूप से सदस्यों के बीच चर्चा रखा गया। सभी को समय पर टीकाकरण लगवाने के लिए प्रेरित किया गया, जब भी कोई जहरीला वस्तु काटता है तो उसे तुरंत बड़े अस्पताल को दिखाने के लिए सलाह दिया गया। डॉ गंजीर ने कहा समिति की सभी सदस्यों को जब भी ऐसी मीटिंग होता है तो आप सभी बड़ी संख्या में अपना उपस्थिति प्रदान करेंगे और यहां भी जो भी चर्चा होता है उसको अपने मोहल्ले में और वार्डों में प्रचार प्रचार कर जागरूकता लाने की प्रयास करें और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें तब हमारा शरीर स्वस्थ रह सकता है रात में आप मच्छरदानी लगाकर ही सोए ताकि हम मलेरिया बुखार से बच सके। इस अवसर पर मितानिन संयोजक राजेश्वरी साहू, जोहनी साहू, बसंती साहू, सविता साहू, छबीला साहू और समिति के सभी सदस्य दीपधा साहू, राजकुमारी साहू, सरस्वती साहू, सोनिया साहू एवं समिति के सभी सदस्य एवं आंगनबाड़ी के सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हेल्थ मेले का आयोजन



**बालोद/सिकोसा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिकोसा में बुधवार को रजत महोत्सव के अंतर्गत हेल्थ मेला का आयोजन किया गया। जिसने ग्राम के संरपच प्रीतम ठाकुर, उपसरपंच संजय बारले के उपस्थिति मे सीएचओ भागवत साहू, आरएचओ एस. साहू, आरएचओ कमलेश सिन्हा के द्वारा 30 वर्ष से अधिक ग्रामीण जनों का रक्त चाप, ब्लड सुगर को जांच किया गया साथ मे रक्तचाप शुगर से बचाव हेतु स्वस्थ्य शिक्षा दिया गया और जरूरत के अनुसार दवाई दिया गया। जिसने ग्रामीण दीपक बंजार, कालिंन्द्र पटेल, हेमिन, बलराम इत्यादि लाभ लिया।

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में योगिता और अर्चना का चयन

## छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल से सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोलझर की छात्रा योगिता पिता गोपी राम भुआर्य एवं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोलझर की छात्रा अर्चना पिता देवीलाल ने 25वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता, जगदलपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता में योगिता ने अंडर-14 वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 4×100 मीटर रिले रेस में भाग लिया तथा अर्चना ने अंडर-19 वर्ग में 800 मीटर रेस, हाई जंप, हर्डल्स 100 मीटर और 4×100 मीटर रिले रेस में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों प्रतिभाशाली छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर के खेल हेतु किया गया है, जिससे विद्यालय परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों में प्रसन्नता का माहौल है। उनकी सफलता पर संस्था के व्यायाम शिक्षक संजय कुमार मोहंती को विशेष श्रेय दिया गया। शास.उ.मा.वि. खोलझर के प्राचार्य एन.एल. घरेंद्र तथा शास.पूर्व.मा.शा. खोलझर के प्रधानपाठक अर्जुन देवांगन ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार साहू द्वारा दोनों छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि दोनों छात्राएँ राष्ट्रीय स्तर पर भी इसी प्रकार विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।





